सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-291
16/06/2018

समाज में आपसी भाईचारा, शांति, सद्भावना एवं प्रेम का माहौल बना रहे :– मुख्यमंत्री

पटना, 16 जून 2018 :– ईद–उल–फितर के अवसर पर आज मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार गॉधी मैदान पहुॅच कर इमाम इदैन हजरत मौलाना महसूद अहमद कादरी नदवी से मुलाकात कर उनसे मोसाफा किया और ईद की मुबारकबाद पेश की। इमाम इदैन हजरत मौलाना महसूद अहमद कादरी नदवी ने मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को भी ईद की मुबारकबाद दी तथा बिहार की सुख, समृद्धि, प्रगति, उन्नति एवं विकास की कामना की।

इससे पूर्व इदैन कमिटी के सदर महमूद आलम ने मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को टोपी पहनाकर एवं साफा पेश कर उनकी इज्जत अफजाई की। मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने तमाम नमाजियों सहित मुस्लिम भाई–बहनों एवं बिहारवासियों तथा देशवासियों को ईद की मुबारकबाद एवं बधाई दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री लोगों से गले मिलकर, हाथ मिलाकर भी ईद की मुबारकबाद दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बच्ची को सेवई खिलाकर मुंह मिठा कराया और खुद भी सेवई खाया।

पत्रकारों से बातचीत करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि रमजान के इस पवित्र महीने में लोग रोजा रखते है, मैं उन सबकों मुबारकबाद देता हूॅ। आपसी भाईचारा, शांति, सद्भावना एवं प्रेम का माहौल बना रहे यही इसका समाज में संदेश है। सब मिल जुलकर समाज, राज्य एंव देश को आगे बढ़ायें। आज के इस मौके पर सब लोगों को मुबारकबाद देता हूॅ।

इसके पश्चात मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने खानकाह–मुजीबिया फुलवारीशरीफ के सज्जादानशीं हजरत सैयद शाह आयतुल्ला कादरी से मुलाकात कर उनकी दुआयें ली। राज्य में अमन, शांति, चैन, तथा भाईचारा के बीच राज्य तरक्की की राह पर आगे बढ़ता रहे, के लिए दुआ करने का आग्रह किया। इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि हर वर्ष हम ईद के मौके पर मुबारकबाद देने आते है और मुझे खानकाह–मुजीबिया में आकर बहुत खुशी होती है। लोगों का खानकाह–मुजीबिया के प्रति श्रद्धा का भाव है, इसलिए हम हर वर्ष ईद के मौके पर यहां आते है। ईद के मौके पर सबलोगों को शुभकामनायें एवं मुबारकबाद है। समाज में प्रेम, शांति एवं सद्भावना का माहौल बना रहे, यही हम सब लोगों की कामना है।

******